पाठ -11

वायु और जीवन

एक वाक्य मे प्रशन /उत्तर

(क) सांस लेते समय हम कौन सी वायु छोड़ते हैं ?
उ० सांस लेते समय हम कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं .
(ख) ऑक्सीजन आग के चलने में मदद करती है. कैसे?
उ० ऑक्सीजन आग की जलने में मदद करती है क्योंकि ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा होने के कारण यह जल नहीं सकेगी .
(ग) आज हम किस समस्या से जूझ रहे हैं ?
उ० आज हम पर्यावरण प्रदूषण से जूझ रहे हैं .
(घ) दूषित पदार्थों को कैसे शुद्ध किया जा सकता है ?
उ० दूषित पदार्थों को फिल्टर लगा कर शुद्ध किया जा सकता है .

उत्तर विस्तार में

(क) शुद्ध वायु किसे कहते हैं ? यह हमारे किस प्रकार लाभकारी है ?
उ० शुद्ध वायु उसे कहते हैं जिसमें विभिन्न गेसो की संतुलित व निश्चित मात्रा पाई जाती है. शुद्ध वायु सांस लेने के लिए रक्त की सफाई के लिए , सभी अंगो केक्रियाशील होने एवं शरीर की वृद्धि के लिए अवश्य है. शुद्ध वायु हमें बिमारियों से भी बचाती है.

(ख) पेड़ पौधे पर्यावरण को किस प्रकार शुद्ध रखते हैं ?
उ० पेड़ पौधे , मनुष्य और जीव जंतुओं द्वारा छोड़ी विषाक्त गैस को शुद्ध करके ऑक्सीजन में बदल देते हैं. यह ऑक्सीजन पर्यावरण को शुद्ध रखती है .

(ग) वायु किन कारणों से प्रदूषित होती है ?
उ० वायु अनेक कारणों से प्रदूषित होती है, जिनमें प्रमुख है - कल - कारखानों से निकलने वाला धुआं , वाहनों से निकलने वाला विषाक्त तथा गंदगी, सड़न और रोगाणुओ का वायु में विचरण.

(घ) जनसंख्या का बढ़ना पर्यावरण अकेले किस प्रकार हानिकारक है?
उ० जनसंख्या के बढने के कारण वन काटकर कृषि योग्य भूमि और आवास बनाए जा रहे है. इस बड़े जनसमुदाय के लिए रोटी, कपड़ा और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवश्यकता है . अत: उसके लिए कल - कारखाने भी बढ़ाए जा रहे हैं.जो वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे हैं.

पाठ - 12
पहलवान की ढोलक
एक वाक्य में उत्तर दीजिए

(क) लुटट्न सिहं कौन था?
उ० लुटट्न सिहं पहलवान था .

(ख) कितने वर्ष की उम्र में लुटट्न सिंह के माता पिता गुजर गए थे ?
उ० नौ वर्ष की उम्र में लुटट्न सिंह के माता पिता गुजर गए थे .
(ग) लुटट्न सिंह का लालन-पालन किसने किया?
उ० लुटट्न सिंह का लालन-पालन विधवा सास ने किया.
(घ) लुटट्न सिंह द्वारा कुश्ती जीत जाने पर दर्शकों की क्या प्रतिक्रिया हुई?
उ० लुटट्न सिंह द्वारा कुश्ती जीत जाने पर दर्शको का खुशी का ठिकाना न था . वह खुशी से किसकी जय-जय कार करें तक भूल गए थे .

उत्तर विस्तार में दीजिए

(क) लुटट्न सिंह का बचपन कैसे व्यतीत हुआ?
उ० लुटट्न सिंह का बचपन दुख से व्यतीत हुआ . लुटट्न के माता-पिता उसे 9 वर्ष की उम्र में ही अनाथ बना कर चल बसे थे.सौभाग्यवश शादी हो चुकी थी.विधवा सास ने पालपोस कर बड़ा किया.बचपन में वह गाय चराता था , दूध पीता और कसरत किया करता था .
(ख) लुटट्न के चुनौती देने पर चांद सिंह क्यों मुस्कुराया ?
उ० लुटट्न सिंह के चुनौती देने पर चांद सिंह मुस्कुराया क्योंकि उसके सामने लुटट्न सिंह शारीरिक रूप से काफी कमजोर था .

(ग) राजदरबार में लुटट्न सिंह को कौन सा विशेष स्थान प्राप्त हुआ था?

उ० राजदरबार में लुटट्न सिंह को राज पहलवान का विशेष स्थान प्राप्त हुआ था.

(घ) राजदरबार से निकाले जाने पर लुटट्न सिंह ने क्या किया?

उ० राजदरबार से निकाल दिए जाने पर लुटट्न सिंह ने गांव वापस आकर वहां के नौजवानों को और चरवाहों को कुश्ती सिखाने लगा.

(ड) मेले की दंगल में लुटट्न सिंह के साहसी कारनामो का वर्णन कीजिए?

उ० मेले के दंगल में लुटट्न सिंह ने विख्यात पहलवान चांद सिंह को धराशाई कर दिया था और राज्य पहलवान अपने क्षेत्र के सभी पहलवानों को अपनी कुश्ती के दांव से परास्त कर दिया था . वह 15 वर्षों तक राज पहलवान बना रहा